## एक नजर में

### महेश जनसेवा ट्रस्ट का स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**इंदौर .** स्वास्थ्य सर्वोपरि है, समय-समय पर जांच कराना और चिकित्सक से परामर्श लेना समय रहते इलाज में मददगार है. बीमारी का सही समय पर पता चलना ही बीमारी पर हमारी जीत है. यह बात महेश जनसेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श शिविर का शुभारम्भ करते हुए पंडित विजय शंकर मेहता ने कही. शुभारंभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष हेमन्त कासट, रामस्वरूप धूत और डॉ. राजेंद्र लाहोटी भी उपस्थित थे. यह शिविर वैकुंठवासी मुरलीधर पसारी की स्मृति में आयोजित किया गया. महेश जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पसारी एवं मंत्री श्री गौरीशंकर लखोटिया ने बताया कि इस शिविर में 30 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने लगभग 200 लोगों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया. शिविर समन्वयक संजय मानधन्या, सीए. जयंत गुप्ता एवं श्याम मूंदड़ा ने बताया कि शिविर में मैमोग्राफी,बीएमडी, पीएफटी, यूरिक एसिड, आँखों की जांच एवं रियायती दर पर वैक्सीन एवं पैथोलॉजी सेवाएँ उपलब्ध कराई गई. इस अवसर पर उमाशंकर बिहानी, राजेश भट्टड़, रामकिशोर राठी, राजकुमार साबू, निर्मल बागड़ी, किशन मूंदड़ा उपस्थित थे.

### फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लांच

**इंदौर .** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के शुभारंभ की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड मल्टी एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करता है। यह फंड सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा और इसका उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी में वृद्धि करना है. इसमें लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में ग्रोथ और वैल्यू स्ट्रैटेजी के मिश्रण के साथ-साथ डेट, मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और कमोडिटीज में निवेश शामिल होगा. न्यू फंड ऑफर 11 जुलाई से खुलेगा और 25 जुलाई तक चलेगा, जिसमें यूनिट्स 10 रुपए प्रति यूनिट की कीमत पर उपलब्ध होंगी. लॉन्च पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा इस फंड का लॉन्च हमारे ग्राहकों की प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और चुनौतियों को समझने और उन्हें लंबी अवधि के वित्तीय उद्देश्यों से मेल खाने वाले समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

### कलर्स ला रहा मनपसंद की शादी

**इंदौर .** अपनी तारीख नोट कर लीजिए क्योंकि आ रही है एक ऐसी जोड़ी, जो बनी है सीधे स्वर्ग में! मनोरंजन का वादा दोहराते हुए, कलर्स एक बार फिर हाथ मिला रहा है राजश्री प्रोडक्शंस के साथ, जो पारिवारिक कहानियों के लिए जाना जाता है. इस बार शादी का लड्डू मिलने वाला है एक प्रगतिशील स्वाद के साथ, नए धारावाहिक 'मनपसंद की शादी' में. चैनल ने एक विचारोत्तेजक प्रोमो रिलीज किया है, जो उस प्रिय राजश्री दुनिया की याद दिलाता है, जहां शादियां सिर्फ समारोह नहीं, बल्कि प्रेम, परिवार और परंपरा की भावनात्मक गाथाएं होती हैं. लेकिन इस बार जब सिनेमाई ताकत टेलीविजन स्क्रीन पर आने के लिए तैयार हो रही है, तो विवाह का एक आधुनिक मोड़ सामने आने का इंतजार कर रहा है. प्रोमो में दिखाई देती है भारत की विविध शादी परंपराओं की एक झलक. आखिर ये मनपसंद की शादी होती क्या है? इसका जवाब लेकर तैयार हैं आरोही शिंदे, जिनका किरदार निभा रही हैं ईशा सुर्यवंशी- एक मराठी मुलगी, जो राजश्री की दुल्हन के नए युग की प्रतीक हैं और एक नई सोच के साथ आ रही हैं. आखिर क्या होती है ये मनपसंद की शादी? देखिए बहुत जल्द, सिर्फ कलर्स पर.

### भारत में दुनिया की पहली टेली रोबोटिक वेटलॉस सर्जरी




**इंदौर .** भारत में विकसित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक ने दुनिया की पहली रोबोटिक टेली-वेट लॉस सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा कर इतिहास रच दिया है. आधुनिक एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम से पावर्ड इस ऐतिहासिक प्रक्रिया को 900 किलोमीटर की दूरी पर अंजाम दिया गया, गुरुग्राम स्थित एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक की यूनिट से इंदौर के मोहाक बैरिएट्रिक एण्ड रोबोटिक सर्जरी सेंटर में यह सर्जरी की गई. बैरिएट्रिक सर्जन डॉ मोहित भंडारी ने इस सर्जरी को अंजाम दिया जो आईआरसीएडी इंडिया के प्रेज़ीडेन्ट तथा इंदौर के मोहाक बैरिएट्रिक रोबोटिक सर्जरी सेंटर के संस्थापक एवं निदेशक भी हैं. एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ, डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा लम्बी दूरी पर इस तरह की सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर हमने दिखा दिया है कि अब दूरी आधुनिक मेडिकल केयर में कोई बाधा नहीं है. हम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रोबोटिक सर्जरी को सभी के लिए सुलभ बनाने के मिशन की ओर अग्रसर हैं।

### फ्लिपकार्ट ने फूड फेस्ट का आयोजन किया

**इंदौर .** फ्लिपकार्ट ने सफलतापूर्वक फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया है. यह भारत की बदलती खाद्य संस्कृति का उभरता हुआ उत्सव है. कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु के फ्लिपकार्ट कैंपस में किया गया। 5 से 10 जुलाई के बीच क्यूरेटेड सेल के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इस फूड फेस्ट का जश्न मनाया गया. इस दौरान ग्राहकों को गॉमे फूड कलेक्शन, नई लॉन्चिंग एवं टॉप ब्रांड्स पर लिमिटेड टाइम ऑफर्स पाने का मौका मिला. इस इवेंट में देशभर से सेलेब्रिटी शेफ, टॉप क्रिएटर्स, आइकॉनिक ब्रांड्स और स्वाद के दीवानों ने हिस्सा लिया. इससे भारत में गॉमे फूड डिस्कवरी एवं कॉमर्स के भविष्य को आकार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है. फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर कंज्यूमेबल्स निशांत दलाल ने कहा फूड फेस्ट 2025 के साथ हम सिर्फखाने का जश्न नहीं मना रहे हैं, बल्कि गॉमे फूड डिस्कवरी, स्टोरीटेलिंग और कम्युनिटी-लेड कॉमर्स के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य फ्लिपकार्ट को हर भारतीय के लिए पसंदीदा ठिकाना बनाना है, फिर चाहे उन्हें प्रेरणा, लगाव और इनोवेशन, जिसकी भी तलाश हो।

### द ओबीसीज़ अपराइजिंग का लोकार्पण

**इंदौर .** हाल ही में एक नई पुस्तक, द ओबीसीज़ अपराइजिंग : अ न्यू नैरेटिव ऑन सोशल जस्टिस एंड पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन का लोकार्पण हुआ. इस पुस्तक के सह-लेखक मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि, आईएएस और उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पृथ्वीराज सिंह हैं. यह कृति भारत में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की वकालत करती है, जो पाँच वर्षों के गहन शोध और सहयोग का परिणाम है. द ओबीसीज़ अपराइजिंग हाल ही में प्रकाशित हुई है और इसे पाठकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है. तेलुगु भाषा में इसकी लगभग 3500 प्रतियाँ बिक चुकी हैं और इसके अंग्रेज़ी संस्करण में भी रुचि बढ़ रही है.






# नशे से दूरी है जरूरी, पंद्रह दिवसीय नशा मुक्ति कार्यक्रम प्रारंभ

**झाबुआ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना तथा इंदौर ग्रामीण जोन आईजी अनुराग के निर्देशन में पूरे मध्यप्रदेश में 15 से 30 जुलाई तक 卐नशे से दूरी, है जरूरी卐 नामक नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना एवं जनमानस में जागरूकता पैदा करना है। इसी क्रम में झाबुआ पुलिस द्वारा इस अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय पुलिस लाइन से हुई, जहां केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने नशा मुक्ति प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि 卐नशा नाश की जड़ है卐 और इससे दूर रहना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे डीजे के खिलाफ सामाजिक एकजुटता से सकारात्मक परिणाम सामने आए, वैसे ही नशे के विरुद्ध भी यदि समाज संगठित होकर कार्य करे, तो बदलाव संभव है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में सबसे जल्दी आती है, इसलिए बच्चों पर सतत निगरानी और मार्गदर्शन जरूरी है। पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने कहा कि नशा हमारे समाज को अंदर से खोखला कर रहा है। हमारा प्रयास रहेगा कि झाबुआ जिले में आसपास के जिलों व राज्यों से नशे, खासकर सिंथेटिक ड्रग्स की आपूर्ति पर प्रभावी रोक लगाई जाए। इसके लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से संकल्पबद्ध है। अभियान के तहत जिले के चिन्हित स्थलों, हाट-बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी इस अभियान में पुलिस के साथ मिलकर कार्य करेंगी और जनजागरूकता फैलाने में सहयोग देंगी। पोस्टर, पंपलेट, नुक्कड़ नाटक एवं जनसंवाद जैसे माध्यमों से नशे के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को बताया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस विभाग के साथ बड़ी संख्या में आमजन व नगर सुरक्षा समिति के सदस्य एवं तड़वियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर एसडीओपी झाबुआ रूपरेखा यादव, डीएसपी कमलेश शर्मा, गिरीश कुमार जेजुरकर, रक्षित निरीक्षक अखिलेश राय सहित समस्त थाना प्रभारी, गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रतिदिन 50 बीएलओ को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**झाबुआ।** भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार 17 जून द्वारा निर्वाचक नामावली के त्रुटि रहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देश के पालन में बीएलओं के क्षमता विकास हेतु सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किए जाने के संबंध में बीएलओं को विधिक प्रावधानों, निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक मतदाता की जानकारी का सत्यापन करना, मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रवृष्टि की जानकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि बूथ लेवल एजेंट से समन्वय, फॉर्म, 6,7,8, बीएलओं एप्प आदि के संबंध में बारिकियों से भलि भांति अवगत करवाने के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 193 झाबुआ अंतर्गत निर्वाचन प्रशिक्षण संबंधी कार्य को सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संपादित करने हेतु समस्त प्रशिक्षण कार्यों का नोडल अधिकारी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुनिल कुमार डावर तहसील झाबुआ एवं मास्टर ट्रेनर अजय कुशवाह, हरीश कुंडल द्वारा आज मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 50 तक के बीएलओं को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 4 दिनों तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन 50 बीएलओं प्रशिक्षण में शामिल होगे। सोमवार से गुरूवार तक कुल 192 मतदान केन्द्र झाबुआ तहसील के अंतर्गत आने वाले बीएलओं का प्रशिक्षण झाबुआ तहसील कार्यालय बैठक हॉल में होगा। विधानसभा 193-झाबुआ में कुल 356 मतदान केन्द्र है 356 में से मतदान केन्द्र 164 की ट्रेनिंग राणापुर में भी दी गई है। नोडल अधिकारी तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हुकुमसिंह निंगवाल तहसील राणापुर एवं मास्टर ट्रेनर मनीष पंवार प्रचार्य बन, दिपक रावल सहा. प्रध्यापक शा. आदर्श महाविद्यालय झाबुआ द्वारा आज मतदान केन्द्र क्रमांक 180, 194 से 242 तक के बीएलओं को प्रशिक्षण दिया गया। तहसील कार्यालय झाबुआ में प्रशिक्षण का अवलोकन निरीक्षण उप जिला निर्वाचन अधिकारी एचएस विश्वकर्मा द्वारा किया गया तथा उचित मार्ग दर्शन दिया गया।



## राजस्थान से शिक्षा प्राप्त कर आए पं. गर्व जोशी ने भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया

**पेटलावद।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। जिसमें नगर के तेजाजी मंदिर पर स्थित महादेव की प्रतिमा पर विशेष पूजा अर्चना की गई। राठौड परिवार के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। राठौड परिवार की विशेष पूजा अर्चना को विद्वावान पंडित जो की 15 साल की उम्र में राजस्थान प्रतापगढ से विशेष शिक्षा प्राप्त कर आये। पं. गर्व जोशी ने भगवान शिव के अभिषेक की पुरी विधि संपन्न करवाई और वेद मंत्रों के माध्यम से भगवान शिव की विशेष पूजा और अभिषेक करवाया। अभिषेक में विभिन्न सामग्रीयों का मिश्रण किया गया। जिसमें दूध, दही, गन्ना रस, शहद और शक्कर से अभिषेक कर भगवान को स्नान करवा कर पूजा की गई।

## झाबुआ में पहली बार सफलतापूर्वक संपन्न लैप्रोस्कोपिक एपेंडेक्टोमी



**झाबुआ।** जिला चिकित्सालय झाबुआ में चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। यहां पहली बार अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से एपेंडिक्स निष्कासन (लैप्रोस्कोपिक एपेंडेक्टोमी) की शल्यक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। यह जटिल शल्यक्रिया 18 वर्षीय लक्ष्मी पिता उदयसिंह निवासी थांदला जिला झाबुआ की की गई, जो लंबे समय से तीव्र उदर पीड़ा से ग्रसित थी। संपूर्ण प्रक्रिया डॉ. दीपक राठौर (सर्जन), डॉ. देवेंद्र भायल (सर्जन), डॉ. सावन चौहान (एनेस्थेटिस्ट) एवं ऑपरेशन थिएटर टीम के समन्वित प्रयासों से लगभग 2 घंटे 30 मिनट में पूर्ण की गई। लैप्रोस्कोपिक शल्यक्रिया आधुनिक चिकित्सा पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग है। जिसमें परंपरागत ओपन सर्जरी की अपेक्षा कम चीरे के माध्यम से शल्यक्रिया की जाती है जिससे रोगी को कम पीड़ा होती है, संक्रमण की संभावना न्यूनतम रहती है और स्वास्थ्य लाभ शीघ्र होता है।



## मातृधरा अभियान का हुआ आग़ाज़ नगर परिषद ने किया वृक्षारोपण

**पेटलावद।** जिला कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर नगर परिषद के द्वारा अनुविभागिय अधिकारी तनुश्री मीणा के नेतृत्व में नगरीय क्षेत्र के एस डी एम कार्यालय मार्ग पर वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की ।नगर परिषद पेटलावद के द्वारा उक्त अभियान के अंतर्गत सामाजिक ,धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी एवं जनप्रतिनिधियो के सहयोग से लगातार वृक्षारोपण किया जायेगा

**एक नजर** — विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा अंतर्गत विशाल पौधारोपण के विशेष अभियान का शुभारंभ

# विधिक सेवा और प्रकृति की सेवा दोनों ही हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं




**झाबुआ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 卐पंच-ज卐 अभियान के तहत 15 जुलाई से 15 सितंबर तक 卐विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा卐 अंतर्गत विशाल पौधारोपण के विशेष अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर एवं आसपास के स्थानों पर पौधेरोपित कर किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधि सक्सेना के निर्देशन और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश विवेक सिंह रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति एवं न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं आमजन सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों पौधे रोपित कर प्रकृति के संरक्षण हेतु अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इस अवसर पर रघुवंशी ने विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से उपस्थितजनों को संदेश दिया की वृक्ष केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन के वाहक हैं। आज जब हम पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में पौधारोपण जैसे प्रयास न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य उपहार हैं। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा और प्रकृति की सेवा दोनों ही हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। न्यायिक सेवा जहां समाज को न्याय दिलाने का कार्य करती है, वहीं प्रकृति की सेवा हमें जीवन जीने के लिए आवश्यक आधार प्रदान करती है। इस अभियान के माध्यम से हम न केवल हरियाली का संकल्प ले रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण मिल सके। आज रोपित किए गए सभी पौधों को 'निसर्ग ऐप' पर पंजीकृत भी किया गया है, ताकि उनकी निगरानी एवं देखभाल सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश सुभाष सुनहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट नितिन कुमार मुजाल्दा, न्यायिक मजिस्टेऊट सरोज बाला मुजाल्दा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिव कुमार डावर, न्यायिक मजिस्टेऊट बलराम मीणा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जयदेव माणिक, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष दीपक भंडारी, वन विभाग से एसडीओ सुलिया, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, वन विभाग के टीम एवं आमजन उपस्थित थें।